Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a Mainline Electric Multiple Unit maintenance shed or Electric Loco Shed in Hisar Parliamentary Constituency, Haryana-laid.

श्री बृजेन्द्र सिंह (हिसार): मैं माननीय रेलमंत्री से आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र हिसार के रेलवे स्टेशन यार्ड के पास रेलवे ने ऑयल कंपनी जैसे इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम को लीज पर जमीन दी हुई थी व स्टेशन के यार्ड में ही 4 अतिरिक्त लूप लाइन डाल कर टैंकर में फिलिंग और खाली करने की व्यवस्था की गई थी ।

हाल ही में कंपनियों द्वारा प्लांट के विस्तार को देखते हुए और सुरक्षा के मद्देनज़र शहरी आबादी से बाहर ले जाने हेतु प्लांट को शहर से बाहर ले जाने का निर्णय लिया गया है । जिसके कारण अब वह रेलवे की जमीन खाली हो गई है ।

जिस प्रकार माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पूरे भारतीय नेटवर्क का विद्‌युतीकरण किया जा रहा है उससे इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव और मेमू गाड़ियों का संचालन बढ़ेगा । मेरा माननीय रेलमंत्री जी से आग्रह है कि वो रेलवे की इस जमीन और स्टेशन यार्ड का प्रयोग करते हुए वहां मेमू मेंटेनेंस शेड या इलेक्ट्रिक लोको शेड बनाने की ओर विचार करे ।